## एक नजर

### अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार।** जनपद इलाहाबाद के थाना होलगढ़ के गांव काशीपुर निवासी कमलेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका फुफेरा भाई जनपद प्रतापगढ़ के थाना बाघराय के गांव बंधन गोपालपुर निवासी रमेश खुटार-बंडा मार्ग पर स्थित गांव खमरिया गदियाना में एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने गये थे। 28 जनवरी को दोपहर करीब दो बजे गन्ना सेंटर के सामने अज्ञात वाहन ने रमेश को टक्कर मार दी थी। जिससे उसकी मौत हो गई थी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया था। मंगलवार को पुलिस ने कमलेश की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### उर्स में लगा चिकित्सा शिविर

**तिलहर।** मोहल्ला कच्चा कटरा स्थित दरगाह सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के सालाना उर्स शरीफ के मौके पर होम्योपैथिक के डॉक्टर गौरव कौशल एवं महिला चिकित्सक डॉक्टर आंचल कौशल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 372 मरीज को देखा गया और उनको निशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने चिकित्सकों द्वारा किए जा रहे कार्य को लेकर उनको सम्मानित किया गया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**तिलहर।** कोतवाली के एसआई सुखपाल सिंह और घनश्याम बहादुर के नेतृत्व में पुलिस ने नगर के बाईपास चौराहे पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान विशेष तौर पर दो पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया और उनसे हेलमेट लगाने की अपील की। इस अभियान के चलते नगर के बाईपास चौराहे पर हड़कंप मचा दिखाई दिया। परिणाम स्वरूप लोग बाइकों को गलियों में दौड़ाते नजर आए।

### पति समेत चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

**सिंधौली।** क्षेत्र के पैगापुर गांव की सीता की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया था। शव का पोस्टमार्टम कराए जाने पर बिसरा प्रिजर्व कर लिया गया। कोतवाल धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि मृतका के भाई अरविंद की तहरीर पर उसके पति नंदकिशोर, पड़ोसी श्रीपाल, श्रीपाल का लड़का और उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मृतका के मायके वालों ने आरोप लगाया था कि नंदकिशोर ने सीता के सिर में बोतल मार दी थी, जिस वजह से उसकी मृत्यु हो गई।

# उम्मीद : 30 करोड़ से होगी गर्मी में बिजली दुरुस्त

## गर्मी में नहीं रुलाएगी बिजली, सुधारा जाएगा पूरा नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** बिजली निगम की रीवैंप (पुनरुत्थान) योजना के तहत 621 करोड़ की लागत से जिले के बिजली नेटवर्क को उच्चीकृत किया जा रहा है। इन कामों की शुरुआत छह महीने पहले निगोही क्षेत्र में हुई थी। वहीं गर्मी के मौसम में बिजली न रुलाए, इसके लिए बिजली लाइन बिछाने, जर्जर तारों को बदलने सहित कई कामों के लिए विभाग ने प्रबंध निदेशक को 30 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है। इसमें 12 लाख 26 हजार की लागत से दो स्थानों पर नई 33 केवी लाइन बिछाने का भी प्रस्ताव शामिल है। इसकी मंजूरी मिलने के बाद बिजली व्यवस्था को और दुरुस्त करने का काम शुरू हो जाएगा।

केंद्र सरकार की ओर से रीवैंप योजना के तहत करीब 621 करोड़ की लागत से नये खंभे लगाने और ट्रांसफार्मर बदलवाने का काम कराया जा रहा है। आरडीएसएस योजना के तहत करीब 70 करोड़ की लागत से ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि, उपकेंद्रों की ओवरलोडिंग कम करने सहित कई काम कराए जा रहे हैं। यह सभी काम आने वाले गर्मी के मौसम को देखते हुए और जिले में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कराए जा रहे हैं। इसी के तहत नये सब स्टेशन बनाने और बिजली लाइन बदलने के लिए बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा ने 30 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर पॉवर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक को भेजा है। इसमें 12 लाख 26 हजार की लागत से दो स्थानों पर नई 33 केवी लाइन बिछाने, तीन स्थानों पर 33 केवी लाइन की क्षमता वृद्धि के लिए दो लाख 42 हजार रुपये की मांग की गई है। इसी तरह पांच नये सब स्टेशन बनाने के लिए 23 लाख रुपये का का एस्टीमेट तैयार किया है। प्रस्ताव में 373 ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि और 34 स्थानों पर बिजली लाइन बदलने का प्रस्ताव भेजा है। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि प्रस्ताव को मंजूरी मिलने और धनराशि मिलने का इंतजार है। धनराशि मिलते ही तेजी से काम कर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करा दिया जाएगा।


सदर बाजार क्षेत्र में बिजली लाइन का गुच्छा। ● अमृत विचार

**12.26**
लाख की लागत से दो स्थानों पर बिछाई जाएगी 23 केवी लाइन

> बिजली व्यवस्था के सुधार के लिए निरंतर प्रयास जारी है। पहले से व्यापक बदलाव आया है। केंद्र व प्रदेश सरकार से विभिन्न योजनाओं में काम चल रहे हैं। इसके अलावा बिजली लाइन बदलने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने और नये सब स्टेशन के लिए बजट आवंटन का प्रस्ताव भेजा है। बजट मिलते ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करा दिया जाएगा।
>
> **-जेपी वर्मा**, अधीक्षण अभियंता।

### मोहम्मदजई में इंसुलेटर फुंके, तीन घंटे बाद आई बिजली

मंगलवार की सुबह करीब छह बजे मोहम्मदजई फीडर में इंसुलेटर बर्स्ट होने से बिजली चली गई। सुबह लोग उठे तो बिजली न होने से परेशानी हुई। काफी देर तक तो सब स्टेशन का फोन ही नहीं लगा। बाद में पता लगा कि इंसुलेटर बर्स्ट हो गया है, जिसके बदलने के बाद ही आपूर्ति बहाल होगी। उपकेंद्र के जेई अंकित तिवारी ने बताया कि बिजली बंद होने की सूचना मिलते ही कर्मचारियों को लगा दिया गया। काफी देर बाद इंसुलेटर बर्स्ट होने की जानकारी मिल पाई। आनन फानन उसे बदल दिया गया, लेकिन तीन घंटे बाद करीब सवा नौ बजे आपूर्ति बहाल हो पाई। इस दौरान लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ी।

### सब स्टेशन में फाल्ट की वजह से हथौड़ा की बिजली गुल

सब स्टेशन में फाल्ट की वजह से हथौड़ा गांव और उसके आसपास की बिजली गुल हो गई। इससे करीब 1500 घरों के लोगों को परेशान होना पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित होते ही कर्मचारियों ने फाल्ट को ठीक कर दिया, जिससे तीन घंटे बाद आपूर्ति बहाल हो गई।

# उर्स शरीफ के अंतिम दिन कव्वालों ने बांधा समां


कव्वाली पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के सालाना उर्स शरीफ के मौके पर अंतिम दिन रात में मशहूर कव्वाल द्वारा महफिल में खूब अपने कलामों द्वारा खूब समा बांधा।

मोहल्ला कच्चा कटरा मैं सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां की सरपरस्ती में चल रहे उर्स शरीफ के अंतिम दिन रात्रि में वसीम वारसी कव्वाल ने शुरुआत मौला अली के कौल से की। उसके बाद नात शरीफ एवं शाह साहब की शान में कलाम पेश किया। जिस पर लोग झूमने लगे। देवबंद से आए कव्वाल शुजात अजीम ने भी अपने कलामों के जरिए खूब समां बांधा। मेरठ से आए आसिफ मलिक साबरी ने कई कलाम पेश किये और बाप की नसीहत बेटी को सुनते ही लोग रोने पर मजबूर हो गए। वहीं बदायूं से आए साइम नियाजी ने महफिल में खूब समां बांधा। इस मौके पर हाजी ज्योति राहतुल्ला खान, बिलाल खान, आदिल खान, सोहेल खान, अंजुम खान, चांद साबरी आदि मौजूद रहे। अंत में सज्जादानशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# सर्दी में जुकाम-बुखार ने पकड़ा जोर अस्पताल में बढ़े मरीज

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ पेट दर्द और उल्टियां होने की भी बढ़ रहीं मरीजों में शिकायतें

**अमृत विचार :** मौसम के उतार चढ़ाव के बीच जुकाम-बुखार ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है। जिला अस्पताल में इस तरह के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। ओपीडी में डॉक्टरों के कक्ष के बाहर मरीजों की सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। ट्रामा सेंटर में भी बुखार के मरीज ही ज्यादा आ रहे हैं। हालात यह हैं कि एक ही परिवार के कई-कई लोग बुखार से पीड़ित हैं। उधर, प्राइवेट अस्पतालों में भी जुकाम-बुखार के मरीज बढ़ रहे हैं। वहीं डॉक्टरों ने धूप निकलने के बाद भी गर्म कपड़े पहनने की सलाह दे रहे हैं।

लगातार ठंड और फिर एकाएक तेज धूप की वजह से बीमारियों ने लोगों को चपेट में लेना शुरू कर दिया है। जुकाम की शुरुआत होने के साथ ही बुखार और उल्टियां आने की शिकायतें बढ़ गईं हैं। यह स्थिति बच्चों से लेकर महिलाओं और पुरुषों की बन रही है। पड़ोसी जिला लखीमपुर खीरी, हरदोई तक के मरीज जिला अस्पताल में पहुंच रहे हैं। तिलहर निवासी रामनरेश दो दिन से बुखार से पीड़ित हैं। पहले दिन मेडिकल स्टोर से दवा लेकर उपचार किया। दवा का जब तक असर रहा, बुखार और जुकाम से राहत मिली, लेकिन दवा का असर कम होते ही जुकाम-बुखार ने फिर से जोर पकड़ लिया तो दूसरे दिन जिला अस्पताल आए। यहीं हाल शहर के मोहल्ला जियाखेल निवासी राममूर्ति वर्मा और जलालाबाद के सुरेश, ददरौल के रामरहीस व सेहरामऊ दक्षिणी के राजेश कुमार का था। कई जगह दवा लेने के बाद भी जब तबीयत में सुधार नहीं हुआ तो यह लोग दवा लेने जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में ओपीडी से लेकर ट्रामा सेंटर तक ज्यादातर जुकाम-बुखार के मरीज ही पहुंच रहे थे।

> दिन में धूप और सुबह शाम की ठंड के कारण मौसम सर्द और गर्म होता रहता है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा एहतियात बरतनी चाहिए। होली तक गर्म कपड़े हर हालत में पहने रहना चाहिए। क्योंकि तेज धूप देखकर लोग केवल शर्ट पहनकर निकल लेते हैं और वापसी में देर हुई तो ठंड पड़ने लगती है, जिससे लोग बीमार होते हैं। इस समय सुबह गुनगुना पानी लें और यदि जुकाम की शिकायत है तो भाप लें। सावधानी से बीमारी से बचे रहेंगे। यदि कई दिन से बुखार आ रहा है, तो डॉक्टर के परामर्श से ही दवा लें।
>
> **-डॉ. एमएल अग्रवाल**, फिजीशियन जिला अस्पताल।

# भाकियू ने ब्लॉक मुख्यालय पर दिया धरना, उठाईं मांगें

**निगोही, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन ने लोहरगवां गांव में मानक के अनुसार सीसी रोड का का निर्माण न होने का आरोप लगाते हुए ब्लॉक निगोही पर धरना दिया। महिला प्रकोष्ठ की मंडल अध्यक्ष माधुरी कुशवाह ने कहा कि लोहरगवां में सीसी रोड का निर्माण चल रहा है। मानक के अनुसार कार्य नहीं हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि सीसी रोड की जांच करायी जाए, दोषी पाए जाने पर दंडित किया जाए। घुमंतू पशुओं को तत्काल गोशाला भिजवाया जाए, किसानों के बिजली कनेक्शन होने के बाद फर्जी बिजली चोरी के मुकदमें दर्ज किए जा रहे हैं। फर्जी बिजली चोरी के मुकदमो को वापस लिया जाए। कई गांव में सड़कों को खोदकर डाल दिया है। किसानों को दिए गए बीज की सब्सिडी शीघ्र दिलायी जाए, छूटे हुए किसानों को सम्मान निधि दी जाए। धरना देने वालों में आत्माराम, रक्षपाल सिंह आदि थे।

# छुआछूत से नहीं होता है कुष्ठ, जागरुकता जरूरी


प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. गोविंद स्वर्णकार।


अधिकारियों को शपथ दिलाते डीएम उमेश प्रताप सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ हरी झंडी दिखाकर कुष्ठ प्रचार वाहन को किया रवाना

**अमृत विचार :** जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. गोविंद स्वर्णकार ने स्पर्श कुष्ठ जन जागरुकता अभियान के तहत प्रचार-प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि कुष्ठ जन जागरुकता अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। कुष्ठ रोग जीवाणुओं से होने वाला एक सामान्य बीमारी है। यह मुख्य रूप से चमड़ी और तंत्रिकाओं को प्रभावित करती है। यह छुआछूत का रोग नहीं है। यह अन्य बीमारियों की तरह खासने व छींकने से फैलता है। त्वचा पर शून्य दाग-धब्बों की जांच अवश्य कराएं। इलाज में देरी से विकलांगता हो सकती है। कुष्ठ रोग होने पर सरकारी अस्पताल में जाएं, इसका पूर्ण उपचार संभव है। कुष्ठ रोग की दवाएं सभी सरकारी अस्पताल में उपलब्ध हैं। शरीर पर दूधिया सफेद दाग कुष्ठ रोग नहीं होता है। कुष्ठ रोग का लगातार इलाज कराने से 12 माह में ठीक हो जाता है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. पीपी श्रीवास्तव, यूनीसेफ से हुदा जेहरा, पुष्पराज गौतम, वीरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

### शपथ दिलाकर की अभियान की शुरुआत

शाहजहांपुर। डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान और पखवाड़े की शुरुआत शपथ दिलाकर की गई। अभियान 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान डीएम के संदेश लिखे पंफलेट बांटे गए। अधिकारियों ने बताया कि अभियान के दौरान कुष्ठ रोग के संबंध में जागरुकता के लिए ग्राम सभा, स्कूल, मेला, धार्मिक स्थलों, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

# अधूरी विकास योजनाओं को पूरा करने के लिए मिले 72.43 लाख

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ शासन ने दूसरी और अंतिम किस्त को दी मंजूरी

**अमृत विचार:** नगरीय विकास अभिकरण की अधूरी विकास योजनाओं को 72.43 लाख रुपये से पूरा किया जाएगा। शासन ने इसके लिए वित्तीय मंजूरी दे दी है।

अनु सचिव उत्तर प्रदेश सरकार अरविंद कुमार गिरि ने निदेशक नगरीय विकास अभिकरण को लिखे पत्र में कहा मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित एवं मलिन बस्ती विकास योजना के तहत शाहजहांपुर नगर निगम की 30 परियोजनाओं के लिए इंटरलॉकिंग, सड़क व नाली निर्माण के लिए 293.94 लाख की शासकीय व वित्तीय स्वीकृति दी गई थी। इस पैसे से 15 विकास योजनाओं को रफ्तार मिलेगी। इसके तहत वार्ड सात के मोहल्ला अंबेडकर नगर में संजय सिंह के मकान से श्याम सिंह के मकान से होते हुए दानिश के मकान तक सीसी इंटरलॉकिंग मार्ग और नाली निर्माण का कार्य होना है। मशहूर मिस्त्री के मकान से उल्फत के घर तक सीसी इंटरलॉकिंग व नाली, चिनौर गर्ग कालोनी में राकेश के मकान से दिनेश वर्मा के मकान तक इंटरलाकिंग टाईल्स मार्ग व नाली, गुलमर्क कालोनी में सुभाष के मकान से छोटेलाल के मकान तक सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग व नाली का निर्माण कराया जाना है। इसी तरह चिनौर गुलमर्क कालोनी में विक्रम यादव के मकान से ब्रेड फैक्ट्री तक सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग व नाली का निर्माण कराया जाना है। चिनौर गुलमर्क कालोनी में राजेश सक्सेना के मकान से गुलमर्क कॉलोनी की बाउंड्री तक सीसी इंटरलाकिंग टाईल्स मार्ग व नाली, गुलमर्क कालोनी में फौजी डेयरी के पीछे से सुखदेव सिंह के मकान तक सीसी इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग व नाली, महेंद्र के प्लाट से गोपाल के मकान तक सीसी मार्ग व नाली, नरेश चंद्र के मकान से दिनेश के मकान तक सीसी इंटरलॉकिंग टाईल्स मार्ग व नाली, चिनौर गुलमर्क कालोनी में जितेंद्र सिंह के मकान से कामधेनु डेयरी तक सीसी मार्ग व नाली का निर्माण कार्य कराया जाना है।

इसी तरह चिनौर सुईया के तालाब की तरफ से सोमनाथ के प्लाट से नूर मोहम्मद के मकान तक सीसी मार्ग व नाली, वीर सावरकर कालोनी में मुनेश्वर सिंह के मकान से मेन रोड तक सीसी मार्ग व नाली, विपिन कुमार के मकान से सुरेंद्र कुमार के मकान तक सीसी व नाली, रामलली के मकान से माला राम के मकान तक सीसी मार्ग व नाली, चिनौर में भट्टा रोड से देव कुमार द्विवेदी के घर होते हुए कैलाश मास्टर के मकान तक सीसी मार्ग, नाली का निर्माण कार्य कराया जाना है।

# क्विज प्रतियोगिता में इल्मा रेहान, शुभम ने मारी बाजी


पुरस्कार के साथ प्रतियोगिता के प्रतिभागी और कॉलेज स्टाफ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज के बीबीए विभाग की ओर से एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समसामयिक विषय तथा सामान्य ज्ञान पर आधारित इस क्विज में प्रत्येक सेमेस्टर में अलग-अलग पुरस्कार प्रदान किए गए। प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

प्रथम सेमेस्टर में इल्मा को प्रथम, उमैरा नाज को द्वितीय तथा रशिका कठेरिया व आफरीन खान को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तृतीय सेमेस्टर में मोहम्मद रेहान प्रथम, अर्शलान बेग दूसरे तथा अजीम खान तीसरे स्थान पर रहे। पांचवें सेमेस्टर में शुभम को प्रथम, अनुराधा को द्वितीय, वेदांश गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। विभागाध्यक्ष अनमोल सक्सेना तथा विभाग के सदस्यों अभिनव गुप्ता तथा जाने आलम ने विजेताओं को बधाई दी। इस अवसर पर डॉ. युक्ति माथुर, डॉ. सुहेल अख्तर नकवी, डॉ. मोहम्मद अरशद खान आदि रहे।

# सीबीएसई: नौ केंद्रों पर परीक्षा देंगे 6430 विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ 15 फरवरी से शुरू होंगी सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाएं

**अमृत विचार :** सीबीएससी बोर्ड की 10 वीं और 12 वीं परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं, इसको लेकर परीक्षा केंद्रों का निर्धारण कर लिया गया है। जिले में नौ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कक्षा 10 में संस्थागत 3332 और 12 वीं में 2824 परीक्षार्थी बैठेंगे। वहीं केवी टू में प्राइवेट तौर पर कक्षा 10 में 37 और 12 वीं में 237 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

जिला को-ऑर्डिनेटर राजीव मोहन पांडेय ने बताया कि परीक्षा केंद्र जीटीबीई एकेडमी पुवायां रोड बंडा में 10 वीं में 253 और 12 वीं में 219, केंद्रीय विद्यालय वन कैंट में 10 वीं में 556 और 12 वीं में 434, केंद्रीय विद्यालय टू ओसीएफ में 10 वीं में 265 और 12 वीं में 399, लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल पुवायां में 10 वीं में 392 और 12 वीं में 295, माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल में 10 वीं में 220 और 12 वीं 186, मारवाह मार्डन स्कूल पुवायां में 10 वीं में 411 और 12 वीं में 340, श्रीशंकर मुमुक्षु विद्या पीठ शाहजहांपुर में 10 वीं में 563 और 12 वीं में 367, तक्षशिला पब्लिक स्कूल बिजलीपुरा शाहजहांपुर में 10 वीं में 567 और 12 वीं में 489, द रेनेसा एकेडमी तिलहर में 10 वीं में 145 और 12 वीं में 95 पंजीकृत परीक्षार्थी परीक्षा में बैठेंगे।

# गन्ना उत्पादकों को वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

संवाददाता, तिलहर



गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते वैज्ञानिक। ● अमृत विचार

▸▸ गांव मोहनपुर में गन्ना किसान गोष्ठी एवं सामूहिक सभा का किया गया आयोजन

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान, गन्ना विकास परिषद और चीनी मिल तिलहर के संयुक्त तत्वावधान में गांव मोहनपुर में बसंतकालीन गन्ना किसान गोष्ठी एवं सामूहिक सभा का आयोजन किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरडी तिवारी ने मृदा परीक्षण के आधार पर खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करने पर प्रकाश डाला। मुख्य गन्ना अधिकारी दमनेश राय ने बसंत कालीन गन्ना उत्पादक तकनीक एवं गन्ना फसल सुरक्षा प्रबंध पर चर्चा की। परीक्षण के आधार पर खाद तथा अन्य उर्वरक के प्रयोग के बारे में बताया। गन्ना संस्थान के सहायक निदेशक प्रवीण कुमार ने बसंत कालीन गन्ने के लिए कोशा. 13231, 13235, 17231 सहित आठ किस्म के गन्ने बुवाई की सलाह दी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक उमाकांत द्विवेदी ने गन्ने के साथ ही बसंतकालीन में उर्द, मूंग, भिंडी की सहफसल की जानकारी दी तथा लाल सड़न रोग के प्रकोप को रोकने के लिए बुबाई के समय चार किलो प्रति एकड़ ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करने के बारे में बताया। गोष्ठी को मुख्य गन्ना अधिकारी दमदेश राय, बृजेश शर्मा अक्षय श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। इस दौरान प्रधान पति अरविंद कुमार, हरिश्चंद्र, राजकुमार, सालिगराम, रामनिवास, सुरेश चंद्र, गोविंद राम, जेबलाल सहित तमाम किसान मौजूद रहे।






### मौसम विभाग ने जताई बारिश की संभावना, 31 जनवरी से 4 फरवरी के बीच बारिश के आसार

# दूसरे दिन भी धूप ने दी राहत, आज हो सकती है बूंदाबांदी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** सुबह कोहरे के बाद दूसरे दिन दोपहर में चटक धूप ने राहत दी है। इससे सर्दी से काफी राहत मिली है, लेकिन हवाओं के कारण ठंडक का अहसास होता रहा। हालांकि बुधवार को बूंदाबांदी की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान में फिर गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने 31 जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश की संभावना जताई है। इससे 31 जनवरी से चार फरवरी तक कभी धीमी तो कभी तेज बारिश के आसार हैं। मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

राज्य कृषि मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक/प्रभारी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता बढ़ने के कारण सतही स्तर पर हवा का रुख बदल गया है। पुरवा-दक्षिणी-पूर्वी हवाएं चलने से वायु संचालन बढ़ गया है, जिससे वायुमंडलीय स्थिरता घटने के कारण कोहरा छंटने और धूप निकलने से विकिरणीय ऊष्मा बढ़ गई है। यही वजह है कि शीत दिवस की स्थिति लगभग समाप्त हो गई है। यद्यपि दो सक्रिय पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव के चलते पुरवा हवाओं के साथ संभावित प्रतिक्रिया हो सकती है। इससे 31 जनवरी से एक फरवरी के दौरान प्रदेश के उत्तरी तराई भाग और उससे लगे मध्यवर्ती हिस्सों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ रुक-रुक कर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। पश्चात दो फरवरी को आंशिक अंतराल के बाद अगले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 3-4 फरवरी को फिर कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।


धूप के बाद भी हवाओं के कारण गर्म कपड़े पहनकर जाते लोग।

### कोहरे के कारण लेट हुईं पंजाब मेल समेत कई ट्रेनें

**शाहजहांपुर।** कोहरे के कारण डाउन व अप लाइन की बेगमपुरा एक्सप्रेस, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेनें दो से तीन घंटे विलंब से पहुंचीं। ठंड में यात्रियों को ट्रेन का इंतजार करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी रिजर्वेशन वाले यात्रियों को हुई है। कोहरे के कारण मंगलवार की सुबह डाउन लाइन की चंडीगढ़-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित से दो घंटे, दून एक्सप्रेस तीन घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस तीन घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस एक घंटा, जननायक एक्सप्रेस डेढ़ घंटा, पंजाब मेल एक घंटा, काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस ढाई घंटे, श्रमजीवी एक्सप्रेस डेढ़ घंटे व अप लाइन की पंजाब मेल साढ़े तीन घंटे, गंगा सतलज एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, जनता एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, अयोध्या-नई दिल्ली एक्सप्रेस एक घंटे, दून एक्सप्रेस पांच घंटे, बेगमपुरा एक्सप्रेस दो घंटे विलंब से पहुंचीं। ट्रेनों के अधिक लेट होने से रिजर्वेशन वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## तीन किसानों को सांड़ ने किया घायल

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सॉईपुर मनिहार में सोमवार शाम करीब सात बजे उमेश पाठक, रामकृष्ण मिश्रा व गोविंद पाठक अपने खेत पर फसलों की रखवाली कर रहे थे। उसी समय सांड़ ने हमला कर दिया। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को अवगत कराया और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के जरिए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि छुट्टा पशुओं से लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है।

## एक नजर

### व्यक्तिगत परीक्षा फॉर्म 29 फरवरी तक भर सकेंगे

**खुटार।** खुटार में गांव ढाका खुर्द कलां में स्थित सरदार भगत सिंह राजकीय महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को बीए. बीकॉम. एमए. और एमकॉम में दाखिला लेने के लिए परीक्षा फार्म भरने में सहूलियत बढ़ा दी गई है। 29 फरवरी तक छात्र-छात्राएं इस फार्म को भर सकते हैं। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भारत सिंह ने दी।

### श्रीराम कथा में बाल लीला का सुनाया प्रसंग

**शाहजहांपुर।** गोकुलधाम कॉलोनी में चल रही श्री राम कथा के पंचम दिवस में आचार्य कथा व्यास योगेंद्र दीक्षित महाराज ने भगवान की बाल लीलाओं को सुनाया। उन्होंने सुनाया कि जब तक मन भटक रहा है, तब तक हम भगवान की भक्ति नहीं कर सकते। हमें मन को एकाग्र करना होगा, तभी भक्ति पा सकते हैं। इस मौके पर महेश चंद्र मिश्र, अंकुर मिश्र आदि मौजूद रहे।

### हादसे में युवक घायल

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के गांव रझुआ खुर्द निवासी उदयपाल सिंह ने बताया कि सोमवार की दोपहर एक बजे उनका बेटा शानू बाइक से शहर से अपने गांव वापस जा रहा था। रेती रोड पर सुदामा स्कूल के सामने चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे शानू घायल हो गया। चालक वाहन लेकर भाग गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बिजली कटौती, समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही पर प्रभारी मंत्री भड़के

### कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा में सामने आईं तमाम खामियां

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग कल्याण और जिले के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप की समीक्षा बैठक में एक बार फिर बिजली अव्यवस्था और समस्याओं का निस्तारण न होने का मुद्दा छाया, जिस पर प्रभारी मंत्री खफा हो गए। उन्होंने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जेपी वर्मा का जवाब तलब किया। साथ ही मुख्यमंत्री के पोर्टल पर समस्याओं के निस्तारण में लापरवाह पीडब्ल्यूडी, विकास विभाग, नगर निगम और जल निगम के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई। कहा कि जन समस्याओं को शत-प्रतिशत समाधान करें। अगली बार विकास कार्य मौके पर देखने जाऊंगा और लापरवाही मिली तो कार्रवाई झेलने के लिए तैयार रहें। इससे पहले उन्होंने रिलायंस गेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग, विकास, राजस्व और लॉ एंड ऑर्डर से संबंधित सभी विभागों के प्रदर्शन की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान अधिकारियों ने प्रभारी मंत्री को बताया कि नेडा की ओर से जिले में कुल 139 सोलर प्लांट को सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। शासन की ओर से दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष नेडा की प्रगति 100 प्रतिशत रही है। माइक्रो इरिगेशन से संबंधित योजनाओं के विषय में जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शासन से दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष एक तिहाई कार्य पूरा कर लिया गया है। मंत्री ने निर्देश दिए कि अगली बैठक में शेष कार्यों को पूरा करने की कार्ययोजना बनाकर पेश करें। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में कुल 2488 खराब ट्रांसफॉर्मर्स को बदलने के लिए आवेदन मिले हैं। सभी का निस्तारण कर दिया गया है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाना चाहिए। इसी तरह अधिकारियों ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत मिले 390 सोलर प्लांट स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करने की जानकारी मंत्री को दी। बीसी सखी योजना के खराब प्रदर्शन को लेकर प्रभारी मंत्री ने पीडी डीआरडीए से नाराजगी जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में चिकित्सा विभाग को ए प्लस कैटिगरी मिलने पर प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी की प्रशंसा करते हुए श्रेणी को रिटेन करने के निर्देश दिए। जिले में स्वच्छ भारत मिशन के खराब प्रदर्शन को लेकर प्रभारी मंत्री ने डीपीआरओ घनश्याम सागर से नाराजगी जताई। अधिकारियों ने बताया कि डैशबोर्ड रैंकिंग में सामाजिक वानिकी विभाग में जिले को डी कैटेगरी में रखा गया है।



विकास भवन में अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

▸▸ **शाहजहांपुर पहुंचे प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने विकास भवन में ली बैठक**

### कटरा विधायक ने उठाए मुद्दे, अफसर रहे हलकान

कटरा विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने जिले के मुद्दों को उठाना शुरू किया तो अफसर हलकान नजर आए। उन्होंने कहा कि सीएम पोर्टल पर समस्याओं के निस्तारण के मामले में स्वास्थ्य विभाग को छोड़कर सभी पीछे हैं। इससे पूरा सिस्टम सवालों में आ गया है। प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को जवाब तलब किया। साथ ही समस्याओं के निस्तारण में प्राथमिकता के निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्सा अधिकारियों की कमी का मुद्दा उठाया। बताया कि जनपद में कुल 31 पदों के सापेक्ष 11 पशु चिकित्सा अधिकारी उपलब्ध हैं। पशु चिकित्सा अधिकारियों की काफी कमी पर प्रभारी मंत्री ने डिमांड भेजकर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और डीएम को तैनाती कराने के निर्देश दिए। कटरा विधायक ने गांवों में अघोषित बिजली कटौती, परौर सीएचसी की चहारदीवारी ठीक कराने, अत्यधिक ठंड होने पर बेसिक शिक्षा की तरह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में भी अवकाश कराने, कौशल विकास की ट्रेनिंग प्राथमिक स्कूलों में न कराकर अन्यत्र कराने आदि मुद्दे उठाए।

### सड़क हादसे में 12 मृतकों के बच्चों की पढ़ाई के प्रबंध का निर्देश

पीडब्ल्यूडी मंत्री के प्रतिनिधि विनीत मिश्रा ने बताया कि थाना अल्हागंज क्षेत्र में कंटेनर की टक्कर से ऑटो सवार 12 लोगों की मौत के मामले में कुछ बच्चे बेसहारा हो गए हैं, जिनके पालन, पोषण और शिक्षा की भी समस्या है। इस पर प्रभारी मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह को निर्देशित किया कि वह गांव जाएं और सड़क हादसे में बेसहारा हुए बच्चों की शिक्षा के लिए प्रबंध करें।

### बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, डीएम उमेश प्रताप सिंह, सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, डीएफओ प्रखर गुप्ता, सीएमओ डॉ. आरके गौतम आदि मौजूद रहे।

### एक ट्रिलियन इकोनामी बनाने में मदद करनी है

प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ विभागों की स्थिति बहुत बुरी है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों को यह स्मरण रखना चाहिए कि उन्हें उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन इकोनामी बनाने में सहयोग देना है। राजस्व संग्रह में सुधार बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह अपेक्षा करते हैं कि जिला जल्द ही प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ जिले के रूप में उभरेगा।

### 112 सेवा को सी ग्रेड मिलने पर प्रभारी मंत्री नाराज

पुलिस विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने पुलिस विभाग की 112 सेवा को सी ग्रेड मिलने पर नाराजगी व्यक्त की। गोवध के मामलों में पुलिस विभाग को ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई है। राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद का निम्न राजस्व संग्रह स्वीकार करने योग्य नहीं है। उन्होंने एडीएम प्रशासन और एडीएम वित्त एवं राजस्व को स्थिति में सुधार लाने के लिए भरसक प्रयास करने के निर्देश दिए। जिले में व्याप्त ड्रग्स की समस्या को लेकर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और मंत्री ने निर्देश दिए गए कि इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी होती रहनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह ने मंत्री को आश्वासन दिया कि सभी अधिकारी परिश्रम करके अगले माह अच्छी श्रेणी को प्राप्त करेंगे।

# नोटिस के बाद भी नहीं हटाया अवैध कब्जा तो चला बुलडोजर


अवैध कब्जा हटवाती जेसीबी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** तहसील की ओर से नोटिस जारी होने के बाद भी ग्रामीणों ने खाद के गड्ढों से अवैध कब्जा नहीं हटाया। समाधान दिवस में शिकायत आने के बाद मंगलवार को टीम ने पहुंचकर अवैध निर्माण ध्वस्त कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा लिया। साथ ही अवैध कब्जेदारों को चेतावनी दी कि वह दोबारा जमीन पर अवैध कब्जा न करें।

पिछले दिनों समाधान दिवस में शिकायत आई थी कि ग्राम बरनई में गाटा संख्या 895 पर खाद के गड्ढों की सार्वजनिक जमीन है। कुछ लोगों ने इस जमीन पर कब्जा कर लिया है और अवैध निर्माण कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद तहसील प्रशासन की ओर से अवैध कब्जेदारों को नोटिस जारी किए गए। कब्जा स्वयं हटा लेने के लिए शनिवार तक का समय दिया गया था, लेकिन उन्होंने कब्जा स्वयं नहीं हटाया। इसके बाद एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ ने हल्का लेखपाल चंद्रशेखर प्रसाद को रोजा थाने की पुलिस और बुलडोजर के साथ मौके पर भेजा। पुलिस और तहसील की टीम ने मौके पर पहुंच कर बुलडोजर से अवैध निर्माण ध्वस्त कर जमीन पर कब्जा ले लिया। एसडीएम ने बताया कि लगभग दो बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। नोटिस दिए जाने के बाद भी अवैध कब्जेदारों ने अपना कब्जा स्वयं नहीं हटाया है। जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय ने दिया इस्तीफा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ ही जिला कार्य समिति कालातीत हो चुकी है। शिक्षक नेता संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने सितंबर 2023 की बैठक में स्वयं को इस पद के कार्य एवं दायित्व से मुक्त होने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि वह संगठन हित में स्वयं को जिलाध्यक्ष के उत्तदायित्वों से अलग होने की घोषणा करते हैं, साथ ही अपने पद का उत्तरदायित्व संघ की संवैधानिक व्यवस्था अनुसार वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनीश मिश्रा कंपोजिट विद्यालय ददरौल को सौंप दिया। संजय सिंह मौजूदा समय में संगठन में प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। वह वर्ष 2008 से जिलाध्यक्ष पद का दायित्व निभाते चले आ रहे थे। उनका कहना है कि जिले में अब नए लोगों को भी आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए।


संजय सिंह।

# ढाईघाट मेले मे ठेकेदारी के विरोध में जमकर हंगामा

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** ढाई घाट गंगा तट पर लगे रामनगरिया मेले में दुकानों का आवंटन ठेकेदारों द्वारा कराए जाने के विरोध में दुकानदार मंगलवार को आक्रोशित हो उठे। पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दुकानदारों ने तिरपाल जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

गंगा तट पर चल रहे रामनगरिया मेले की व्यवस्था जिला पंचायत करता है। जिला पंचायत द्वारा ही बाहरी जनपदों से आए दुकानदारों को निर्धारित शुल्क पर दुकान लगाने के लिए जगह आवंटित की जाती है। इस बार जिला पंचायत द्वारा दुकानदारों को स्थान आवंटित करने की जिम्मेदारी ठेकेदारों को दे दी गई। जिससे दुकानदार परेशान हैं और अपनी दुकानें उखाड़ने की बात कह कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को दुकानदारों ने सुबह से ही बाजार बंद कर मेला स्थल पर बने जिला पंचायत कार्यालय के अन्दर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। दुकानदारों की मांग थी कि गत वर्षों की भांति जिला पंचायत से ही दुकानों का आवंटन कर शुल्क की वसूली कराई जाए। दोपहर बाद धरना-प्रदर्शन की सूचना जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी संतोष कुमार सिंह के पास पहुंची तो वह मेला स्थल पर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन कर रहे दुकानदारों से बात की। दुकानदार अपर मुख्य अधिकारी की बात से संतुष्ट नजर नहीं आए। इसी बीच दुकानदारों ने कार्यालय से बाहर आकर दुकानों के लिए लगी तिरपाल को जला कर अपना विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। तिरपाल की लपटें देखकर अफरा तफरी मच गई। इसके बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान पुलिस व एक महिला दुकानदार के बीच जमकर नोंकझोक हुई। देर शाम दुकानदार तक विरोध में अड़ रहे। शमशाबाद पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।


तिरपाल जलाकर धरना-प्रदर्शन करते दुकानदार। ● अमृत विचार


महिला से बात करती पुलिस। ● अमृत विचार

▸▸ **पुलिस की मौजूदगी में जलाया तिरपाल, मची अफरातफरी**

> जिला पंचायत में स्टाफ की कमी के चलते इस बार ठेका किया गया है। वसूली पूर्व की भांति निर्धारित रेट पर ही की जाएगी। यदि किसी प्रकार की समस्या दुकानदारों को है, तो जिला पंचायत में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला पंचायत द्वारा शुल्क की सूची बुधवार सुबह तक जिला पंचायत कार्यालय में चस्पा कर दी जाएगी। **-अनिल द्विवेदी**, जिला पंचायत के मेला बाबू

### संतों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर एएमए का किया घेराव

**मिर्जापुर।** ढाईघाट रामनगरिया मेले में संतो को अभी तक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो सकी हैं, जिसके विरोध में संतों ने मंगलवार को जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी संतोष कुमार सिंह (एएमए) का घेराव कर तत्काल सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की मांग की है। श्रृंगी ॠषि की तपोस्थली ढाई घाट गंगा तट पर बीते सैकड़ों वर्षों से साधु संत माघ माह में कल्पवास कर यहां धूनी रमाते हैं। मेलार्थियों व संतों के पंडालों में पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं जिला पंचायत उपलब्ध कराता है लेकिन इस बार समय से सुविधाएं न मिल पाने से संत आक्रोशित हैं। मंगलवार को संतों ने जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर एएमए संतोष कुमार सिंह का घेराव कर विरोध जताया। महंत पूरन गिरि, महंत रामदास, योगी मौजनाथ, महंत हनुमान मान दास, राजवीर दास, महावीर दास, दामोदर नाथ, उमेश दास, भभूति दास, विनोद दास, यज्ञपुरी, गंगा चैतन्य, केशवपुरी, मस्त, भोला मुनि ने कहा कि पेयजल, शौचालय के साथ संतों का शाही स्नान मार्ग सही तरीके से बनाया जाए। संतों ने तत्काल सुविधाएं उपलब्ध न कराने पर जोरदार धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। जिला पंचायत के बाबू अनिल द्विवेदी ने मेला स्थल पर जल्द सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।



# विवादित मामलों में सुलह-समझौता कराकर बांटी जाएंगी घरौनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **जिले में आपसी विवाद के चलते लगभग पांच सौ घरौनी फंसी**

▸▸ **स्वामित्व योजना के तहत जिले के 1890 गांवों में बांटी जानी हैं घरौनी**

**अमृत विचार :** जिले में आपसी विवाद के चलते फंसी लगभग पांच सौ घरौनी सुलह-समझौते के आधार पर बांटी जाएंगी। प्रशासन ने इसके लिए तैयारी तेज कर दी है। लोगों से संपर्क कर आपसी समझौता कराने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को रिहायशी भूखंड पर मालिकाना हक देना है। योजना के तहत ग्रामीण आबादी क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति को घर के कागज और पूरा मालिकाना हक मिलेगा। साथ ही प्लॉट पर भी स्वामित्व मिल जाएगा। जिसके तहत वह बैंक से ऋण ले सकेगा। यह घर का सटीक और प्रमाणिक भूमि रिकॉर्ड है। जैसे खेत की खतौनी होती है, वैसे ही घर की घरौनी दी जाएगी। कई बार देखने में आया है कि गांव में एक ही भूखंड पर कई लोग दावेदारी करते हैं। ऐसे में लंबे समय तक कब्जे को लेकर दोनों पक्षों में विवाद रहता है। जिसके कारण कई बार खून-खराबा भी हो जाता है। बताया जा रहा है कि जिले में इस तरह के लगभग पांच सौ विवाद हैं, जिनमें एक ही जमीन के टुकड़े पर दो पक्ष अपना दावा कर रहे हैं। ऐसे विवादों को आपसी समझौते के आधार पर हल कराने में प्रशासन जुटा हुआ है। घरौनी जारी होने के बाद इस तरह विवादों का खात्मा हो जाएगा।

शासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि सभी विवादों को निपटाने के बाद फरवरी में सभी घरौनी का वितरण कर दिया जाए। कुल 1890 गांवों में घरौनी का वितरण किया जाना है और अब तक 1,880 गांवों में ड्रोन सर्वे पूरा हो चुका है। मात्र दस गांव में ड्रोन सर्वे होना है। अब तक 2,93,936 भूखंड प्रपत्र पूरे हो चुके हैं। 2 लाख 19 हजार घरौनी तैयार हो चुकी हैं। समय से सभी को घरौनी बांटने के लिए जिले में एक फरवरी से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

### तिलहर से हुई थी शुरुआत

वर्ष 2021 में जिले में तिलहर से स्वामित्व योजना की शुरुआत हुई। यहां सबसे ज्यादा 521 गांवों में चूना मार्किंग के साथ ड्रोन सर्वे कर 76 हजार 347 लोगों को घरौनी वितरित की जा चुकी हैं। तहसील सदर में घरौनी वितरण का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। यहां अभी तक 396 गांवों में 75 हजार घरौनी के सापेक्ष केवल 55 हजार 539 घरौनी ही तैयार हो सकी। जलालाबाद के 165 गांव में 27 हजार 459 के सापेक्ष 24 हजार 602 घरौनी बन चुकी हैं। इसी तरह कलान के 164 गांवों में 32 हजार 789 प्लॉट के सापेक्ष 23 हजार 449 डिजिटल घरौनी तैयार की जा चुकी हैं। पुवायां में भी काम धीमा है। यहां 524 गांवों के 72 हजार 692 प्लॉट के सापेक्ष 61 हजार 842 घरौनी ही तैयार की जा सकी हैं।

> घरौनी वितरण का कार्य फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। विवादित मामलों में सुलह समझौता कराकर घरौनी दी जाएगी। घरौनी मिल जाने पर विरासत भी आसान होगी और संपत्ति पर बैंक से कर्ज भी लिया जा सकेगा। -संजय कुमार पांडेय, एडीएम प्रशासन

## फर्जी बैनामा कर हड़पे तीन लाख रुपये

**जलालाबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला नवीन नगर निवासी नूरअली पुत्र मैकू अली ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उन्होंने गांव रौली बौरी निवासी एक व्यक्ति से 219 वर्ग मीटर जमीन खरीदी थी। उन्होंने तीन लाख रुपये दिए और उसका उन्होंने अपनी पत्नी शमीम बेगम के नाम बैनामा करा लिया। जब जमीन पर कब्जा दिलाने की बात की, तो वह इधर-उधर की बातें करने लगा। जब उन्होंने कागजों की जांच कराई तो पता चला कि खतौनी में विक्रेता का नाम ही नहीं है। ऐसी स्थिति में सेवाराम ने छल कपट व धोखाधड़ी करते हुए तीन लाख रुपये क्रेता से ठग लिए। उप जिला अधिकारी ने इस संबंध में क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारी को जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# लैब में चौकीदार कर रहा था जांच, लगी आग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

▸▸ **पीडब्ल्यूडी की लैब में 26 जनवरी को हुई घटना**

**अमृत विचार :** डिप्लोमा इंजीनियर की जगह चौकीदार से सैंपल की जांच कराने के दौरान चौकीदार हादसे का शिकार होने से बच गया। अगर समय रहते चौकीदार टॉयलेट में बेंजीन से भरी केन नहीं फेंकता तो बड़ा हादसा हो सकता था और चौकीदार भी चपेट में आ सकता था। घटना के बाद से चौकीदार डरा हुआ है। डिप्लोमा इंजीनियर की जगह अनट्रेंड चौकीदार से सैंपल की जांच कराई जा रही है। इससे जांच की गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग के नए भवन में निर्माणाधीन सड़कों के सैंपल की जांच के लिए लैब बनी हुई। जांच की जिम्मेदारी डिप्लोमा इंजीनियर की होती है, लेकिन इस गंभीर जांच को विभाग में चौकीदार के पद पर तैनात सुनील कुमार से कराया जाता है। सुनील के मुताबिक 26 जनवरी को वह सड़क के एक सैंपल की जांच कर रहा था। उसने बजरी को कोलतार से अलग करने के लिए सैंपल में आग लगाई और जांच में जुट गया। तभी अचानक पास में रखी बेंजीन की केन में आग लग गई। लैब में अकेला चौकीदार दहशत में आ गया। किसी तरह से लैब की दूसरी तरफ बने टॉयलेट में चौकीदार ने केन को फेंका। आग इतनी भीषण थी कि टॉयलेट पूरी तरह से बर्बाद हो गया। आग की लपटों से पूरा शौचालय काला पड़ गया। चौकीदार मामूली रूप से झुलस भी गया। बड़ा हादसा होने से किसी तरह बचा। इतना सब होने के बाद भी चौकीदार सुनील के पास ही जांच की जिम्मेदारी है, जबकि विभाग में 27 डिप्लोमा इंजीनियर हैं। सैंपल की जांच का महत्वपूर्ण काम एक चौकीदार से कराया जा रहा है।


आग लगने के बाद बेंजीन से भरी केन फेकने से काला पड़ा टॉयलेट।

> आग लगने का इस तरह का कोई हादसा नहीं हुआ है। सैंपल की जांच कैसे करनी है डिप्लोमा इंजीनियर ने चौकीदार को बता दिया है। अगर कोई शिकायत आएगी तो जांच कराई जाएगी। **- रथिन सिन्हा**, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

# शहीद दिवस के रूप में मनाई महात्मा गांधी की पुण्यतिथि

## सरकारी कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि, स्कूलों में हुई भाषण प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि रविवार को शहीद दिवस के रूप में मनाई गई। पुण्यतिथि पर जहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं गोष्ठियों में उनके जीवन और संघर्षों पर प्रकाश डाला गया।

कलेक्ट्रेट में सुबह 11 बजे हूटर बजाया गया। डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों व कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में भारत के स्वतंत्रता संघर्ष में बलिदान होने वाले सपूतों की स्मृति में सुबह 11 बजे से दो मिनट का मौन धारण किया। मौन की अवधि शुरू होने और समाप्त होने की सूचना सायरन, हूटर बजाकर दी गई। सायरन 10.59 बजे से 11 बजे तक बजाया गया और दो मिनट के बाद 11.02 बजे से 11.03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन को बजाया गया। उधर नगर निगम कार्यालय में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह की उपस्थिति में अधिकारी और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर वीर शहीदों को याद किया। इस दौरान निगम अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। डॉ. सुदामा प्रसाद बाल विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस पर गांधी जी को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण कराया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. राखी मिश्रा व विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट में दो मिनट का मौन धारण करते अधिकारी। ● अमृत विचार


नगर निगम कार्यालय में मौन धारण करते अपर नगर आयुक्त एसके सिंह व अन्य।

### भाषण प्रतियोगिता में श्रुति रहीं प्रथम



आर्य महिला महाविद्यालय में शहीद दिवस पर भाषण प्रतियोगिता में श्रुति गुप्ता प्रथम, अदिति द्वितीय और रीना पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं ने भाषण के माध्यम से भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों के अतुलनीय योगदान को व्यक्त किया। प्राचार्या डॉ. सुनीता जैसल ने अमर शहीदों के बलिदान के महत्व को समझाया। प्रतियोगिता समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रजनी सिंह व पारुल यादव के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में नीतू देवी, निशा देवी, रजनी भास्कर, श्रद्धा, रेखा देवी, वर्षा, अंशिका गौतम, आरती, नेहा वर्मा, संध्या व प्रियंका आदि छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।

### मौन रखकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



शाहजहांपुर। देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों की स्मृति में मंगलवार को पुलिस कार्यालय और थानों में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। एसपी कार्यालय में एसपी अशोक कुमार मीणा, एएसपी सिटी सुधीर जायसवाल, एएसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी, सीओ सिटी वीएस वीर कुमार सिंह, सीओ सदर अमित चौरसिया, सदर बाजार, चौक कोतवाली, रामचंद्र मिशन, रोजा, सिंधौली, जिला महिला थाना, तिलहर, जलालाबाद, पुवायां, कटरा, कलान, परौर, खुदागंज, मदनापुर आदि थानों में दिन में 11 बजे दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। **रोजा।** मंगलवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी राजीव कुमार की अध्यक्षता में पुलिसकर्मियों ने शहीद दिवस पर दो मिनट का मौन धारण किया। इस मौके पर क्राइम इंस्पेक्टर गंगा सिंह, एसएसआई वीर सिंह पाल, ओंकार सिंह, संदीप गूजर, ज्ञानचंद्र, राजन, विनोद व हरनाम आदि मौजूद रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने में दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव खंडसार निवासी 24 वर्षीय अनूप मिश्रा का संदिग्ध हालात में शव लटका मिलने के मामले में मंगलवार को पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज करते हुए दो आरोपियों को नामजद किया है। बता दें कि सोमवार को अनूप मिश्रा का शव घर में ही पंखे के कुंडे से लटकता मिला था। मृतक के चाचा सुमित मिश्रा ने तहरीर में बताया था कि अनूप मिश्रा ने हर्ष दीक्षित के घर मजदूरी की थी, जिसके रुपये बाकी थे। सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे गांव में सर्कस हो रहा था। उसी समय हर्ष दीक्षित से उसके भतीजे ने बकाया मजदूरी मांगी, जिस पर आरोपी हर्ष दीक्षित और आदर्श दीक्षित ने उसके साथ गाली गलौज की थी। इससे शर्मिंदा होकर रात किसी समय अनूप मिश्रा ने घर में फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए हर्ष दीक्षित और आदर्श दीक्षित को नामजद किया है।

# दीवार से टकराकर बाइक सवार युवक की चली गई जान


संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** शादी समारोह से सोमवार रात करीब दस बजे घर लौट रहे गांव धनसिंहपुर निवासी गौरव वर्मा उर्फ टीटू (40) की बाइक महारानीगंज मोड़ पर एक मकान की दीवार से टकरा गई, जिससे गौरव गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से खुटार अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।


मृतक गौरव वर्मा।

क्षेत्र के गांव धनसिंहपुर निवासी विवेक वर्मा की खुटार मैलानी मार्ग पर स्थित शिव गैस एजेंसी है। सोमवार को एजेंसी के स्वामी विवेक वर्मा के छोटे भाई गौरव वर्मा एजेंसी पर बाइक से आये थे। इसके बाद खुटार में एक पैलेस में शादी समारोह में शामिल होने के लिए चले गए। देर रात गौरव वर्मा मैलानी मार्ग पर प्रसादपुर रास्ते से होकर बाइक से घर लौट रहे थे। ग्राम पंचायत धनसिंहपुर के गांव महारानीगंज की मोड़ पर रहने वाले गुरमेज सिंह के मकान की दीवार से उनकी बाइक टकरा गई थी। बाइक टकराने के दौरान गौरव वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरमेज सिंह ने इसकी सूचना उनके चाचा प्रमोद वर्मा को दी। घटना की खबर लगते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस के साथ ही एंबुलेंस को सूचना दी। परिजनों ने एंबुलेंस से घायल गौरव को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष संजय कुमार भी पुलिस के साथ अस्पताल पहुंचे और परिजनों से पूछताछ की। मंगलवार को पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरव वर्मा की मां शकुंतला देवी, पत्नी प्रिया उर्फ बंटी, आठ वर्षीय पुत्री टिया, भाई विवेक वर्मा, अभिषेक वर्मा, विनय वर्मा, चाचा प्रमोद वर्मा और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने था। परिजन रो-रोकर कह रहे थे कि यदि हेलमेट लगा होता तो शायद गौरव की जान बच जाती।


सूचना के बाद अस्पताल में लगी भीड़। ● अमृत विचार


रोती बिलखती मृतक की पत्नी प्रिया। ● अमृत विचार

▸▸ **खुटार में शादी समारोह से घर लौटते समय महारानीगंज के मोड़ पर हुआ हादसा**

> परिजनों की सूचना पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है। मामले में कोई तहरीर तहरीर नहीं दी गई है। यदि तहरीर मिलती है तो जांच की जाएगी।
> –**संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

### दिल्ली से खुटार पहुंची पत्नी और बेटी

गौरव वर्मा की शादी करीब नौ साल पहले खुटार पुवायां मार्ग पर रहने बबलू कनौजिया की पुत्री प्रिया से शादी हुई थी। प्रिया वर्मा दिल्ली में अपनी आठ साल की बेटी टिया के साथ कई सालों से रहती हैं। गौरव वर्मा अपने भाई विवेक वर्मा के साथ रहकर गैस एजेंसी पर काम में हाथ बंटाते थे। बताया जा रहा है कि गौरव की पत्नी प्रिया दिल्ली में किसी न्यूज चैनल में काम करती है। मंगलवार सुबह प्रिया वर्मा बेटी टिया के साथ खुटार अस्पताल पहुंची। पति के शव को देखकर बार-बार प्रिया बेहोश होकर अस्पताल परिसर में गिरती रही। पड़ोस में खड़ी महिलाएं उन्हें संभाल रहीं थीं। पानी के छींटे पड़ने पर प्रिया उठकर फिर से रोने लगतीं। यह देखकर हर किसी के आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे। उधर, घटना की खबर पर गांव के साथ ही रिश्तेदार, दोस्त आदि की भीड़ अस्पताल परिसर में जुट गई।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## कार ने बाइक में टक्कर मारी, युवक गंभीर

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचार :** भाई के घर से दावत खाकर वापस जा रहे युवक की बाइक में कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बंडा के गांव आलमपुर पिपरिया निवासी रामचंद्र के तीन पुत्र कमलेश, रोहित और कृपाल हैं। रामचंद्र अपने बड़े बेटे कमलेश के साथ आलमपुर गांव में ही रहते हैं। जबकि मझला पुत्र रोहित उत्तराखंड के रुद्रपुर में रहकर मजदूरी करता है। सबसे छोटा पुत्र कृपाल बंडा के गांव दलेलापुर में रहता है।

▸▸ **पुलिस ने मौके पर पहुंच कर की जांच-पड़ताल**

मंगलवार को कृपाल के घर दावत थी। जहां शामिल होने के लिए कमलेश (40) अपने घर से निकला। शाम करीब सात बजे वह मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहा था। बंडा-पुवायां नेशनल हाइवे पर आरएस पब्लिक स्कूल के सामने कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। एक घंटे की देरी से पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने कमलेश को बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसे प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कमलेश के पुत्र जितेंद्र ने बताया कि वह, उसके दादा और पिता तीनों एक ही राइस मिल पर मजदूरी करते हैं। पिता की नाइट ड्यूटी होने के चलते वह उसके चाचा कृपाल के घर पर नहीं रुके और वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया और कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। कार में अंग्रेजी शराब की छह बोतलें बरामद हुई हैं।

## महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव कनारी निवासी संतराम की 37 वर्षीय पत्नी सुखरानी की सोमवार की शाम अचानक तबीयत खराब हो गई। संतराम पत्नी को लेकर जिला अस्पताल आ रहा था। रास्ते में उसकी मौत हो गई। उसका शव लेकर वापस गांव में चले गए। उन्होंने थाने पर सूचना दी। मृतका का मायका जलालाबाद के खंडहर गांव में है। उसके पिता का नाम राजाराम है। मृतका के पिता का कोई आरोप नहीं है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## जुआ खेलते सात लोग गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम आठ बजे टाउनहाल हॉकी क्लब में खाली भवन के बरामदे में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे है। पुलिस ने घेराबंदी करके मोहम्मद उस्मान निवासी महमद जंगला, जहीर निवासी तारीन गाड़ीपुरा, मोहम्मद गौस निवासी फतेहपुर रेती, मोहम्मद हसीब निवासी चौभूर्जी कोतवाली, साजिद निवासी चौक आला खां, नसीब खां निवासी हद्दफ, शहजाद निवासी बाबूजई पेशावरी है। पुलिस ने फड़ से 16,170 रुपये और ताश की गड्डी बरामद की है। बताते है कि पुलिस ने देर रात सभी जुआरियों को थाने से जमानत पर छोड़ दिया।

# गर्भवती का शव कमरे में दुपट्टे से लटका मिला, हत्या का आरोप

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** गनेशपुर गांव में एक गर्भवती महिला का शव कमरे में दुपट्टे से लटका हुआ मिला। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है। पुलिस मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परौर थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर निवासी विपिन कुमार की पत्नी लक्ष्मी(25) का शव सोमवार को दिन में 11 बजे कमरे में पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटका मिला। पता लगने दौरान लोगों की भीड़ लग गयी। ससुराल वालों ने देखा कि उसकी सांसें चल रही हैं। लोगों ने उसका शव तुरंत उतारा और बदायूं जिले के उसावां कस्बा में एक निजी अस्पताल में ले गए।

▸▸ **मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर लगाया आरोप**

डॉक्टर ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। ससुराल वाले उसका शव लेकर वापस गांव आ गए। ससुराल वालों ने मृतका के मायके वालों को सूचना दी। मृतका का मायका रोजा थाना क्षेत्र के गांव हेतमपुर में है। उसकी शादी के पांच साल हो गए गए हैं। उसकी दो साल की एक बेटी है। मृतका चार माह से गर्भवती थी। सूचना पर मृतका का भाई संदीप परिवार वालों के साथ बहन की ससुराल पहुंचा। उन्होंने परौर थाना पुलिस को सूचना दी। एसओ सोनी शुक्ला सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंची और परिवार वालों से जानकारी की।

मृतका के भाई संदीप ने ससुराल वालों पर मार डालने का आरोप लगाया है। कहा कि ससुराल वाले दहेज के लिए उसकी बहन को प्रताड़ित किया करते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसओ सोनी शुक्ला ने बताया कि मायके वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## एक नजर

### देहरादून में मजदूर की संदिग्धावस्था में मौत



**शाहजहांपुर।** देहरादून में काम करने गए एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर यहां आ गए। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव रेहारा निवासी 32 वर्षीय दिनेश सिंह देहरादून में ठेकेदार के अधीन पेंटर का काम करता था। वह देहरादून में सब्जी मंडी रोड पर मोहल्ला निरंजनपुर में किराए के मकान में रहता था। सोमवार की सुबह दस बजे उसका शव कमरे में मिला। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों को सूचना दी। मृतक के पिता रामसिंह परिवार वालों के साथ देहरादून गए और मंगलवार को बेटे का शव लेकर यहां आए। उन्होंने कटरा थाने पर सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि मामला देहरादून का है। परिवार वालों ने मौत की जानकारी के लिए शव का पोस्टमार्टम करवाया है।

### फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**सेहरामऊ दक्षिणी।** एसओ रोहित सिंह ने बताया कि अभियुक्त नन्हें निवासी आटा बुजुर्ग थाना सेहरामऊ दक्षिणी के खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ था। वह एक मुकदमें में कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ था। पुलिस ने अभियुक्त नन्हें को गांव आटा बुजुर्ग के बाहर से गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया।

### तालाब में जहर देकर मछली मारने का आरोप

**निगोही।** थाना क्षेत्र के गांव वरीलालपुर निवासी राजाराम ने बताया कि उसने गांव के तालाब में पचास हजार रुपये की मछली डाली थी। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने सोमवार की रात में तालाब में जहर डाल दिया, जिससे आधे से ज्यादा मछलियां मर गईं। उन्होंने सुबह जाकर तालाब पर देखा। उन्होंने कार्रवाई की जाए। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में युवतियां घायल

**बीसलपुर।** थाना बिलसंडा क्षेत्र के गांव अकबराबाद निवासी कविता ने बताया कि वह सहेली साबेपुर गांव निवासी पूनम के साथ एक कंपनी में काम करती है। काम निपटाकर मंगलवार को फरीदपुर से गांव आ रही थी। खंजहा गांव के पास कार ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गई। राहगीरों ने सीएचसी भिजवाया।

# अब निषाद टॉकीज के पास आफत बनी खोदाई, राहगीर परेशान

## निकलना दुश्वार, सड़क पर फैला कीचड़, स्कूटी सवार महिला गिरकर हुई चोटिल, दो दिन और रह सकते हैं ऐसे ही हालात, अफसर नहीं दे रहे ध्यान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में आए दिन किसी ने किसी चौराहे या सड़क पर खोदाई शुरू हो जाती है और आसपास के लोग मुसीबत में पड़ जाते हैं। मंगलवार से ठेकेदार ने निषाद टॉकीज के पास खोदाई शुरू कर दी है। जिससे आसपास के दुकानदारों को भारी परेशानी हो रही है। राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मंगलवार को यहां एक महिला गिरकर चोटिल हो गई। बाद में वह स्कूटी उठाकर व्यवस्था को कोसते हुए चली गई। अधिकारियों ने बताया कि दो दिन और यही हाल रहेगा।

महानगर में सीवर लाइन बिछाने व एसटीपी प्लांट के कार्य को पूरा करने के लिए शासन की ओर से 3 अरब 77 करोड़ 51 लाख 48 हजार रुपये का बजट दिया गया है। शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी है। इसका काम जून 2021 में शुरू हो गया था। इसको अब लगभग ढाई साल का समय बीत चुका है, लेकिन फिर भी खोदाई बंद नहीं हो सकी है।



सड़क पर खोदाई करती जेसीबी व फैली मिट्टी। ● अमृत विचार



सड़क पर फैली मिट्टी व निर्माण सामग्री। ● अमृत विचार



सड़क पर कीचड़। ● अमृत विचार

आए दिन शहर के किसी न किसी इलाके में खोदाई चलने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ स्थानों पर सीवर लाइन डालने के बाद भी सड़कों की मरम्मत सही से नहीं हो रही है। ऐसे में लोगों को सीवर लाइन पड़ जाने के बाद भी परेशानी से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। यहां उठ रही धूल-मिट्टी से लोग परेशान हैं। गड्ढे वाली सड़कों से निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

पेयजल व सीवरेज लाइन डालने के बाद मिट्टी को सही तरीके से नहीं दबाया जा रहा है। जो वाहन चालकों के लिए हादसों का सबब बन रही है। निगम और जल निगम के जिम्मेदार अधिकारी काम पूरा होने के बाद सड़कों की दशा सुधारने का आश्वासन देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि लोग धूल के उड़ते गुबार के कारण बीमार हो रहे हैं। परेशानी का एक कारण धीमी गति से हो रहा सीवर का निर्माण भी है। निर्माण पूरा करने का समय कब का बीत चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। समय से काम पूरा न हो पाने के कारण अब समय अवधि बढ़ाई गई है।

### एक-एक कर हर सड़क पर हो रही खोदाई

महानगर में लगभग ढाई साल से सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई चल रही है। एक-एक कर सड़कें खोदी जा रही हैं। एक सड़क पर काम खत्म होता है तो दूसरी पर शुरू हो जाता है। किसी तरह दूसरे पर खत्म होता है तो तीसरे पर शुरू हो जाता है। मुख्य सड़कों की खोदाई पूरी करने के बाद अब ठेकेदार ने गली और मोहल्ले की सड़कों की खोदाई शुरू कर दी है। अंटा चौराहे वाले मार्ग पर दो बार खोदाई हो चुकी है। पहले भी खोदा गया था। तब कई दिनों तक चौराहा से आवागमन प्रभावित रहा था। इसके बाद 15 दिन पहले दोबारा इस पर खोदाई शुरू हो गई। इस बार भी कई दिन तक जाम की स्थिति बनी रही। इसके बाद तीसरी बार सोमवार को यहां खोदाई शुरू हुई। इस बार पेयजल लाइन टूटने के चलते यह स्थिति बनी। सोमवार को फाल्ट ढूंढ कर लाइन को सही करा दिया गया। जिसके चलते मुख्य अंटा चौराहे पर मिट्टी मुलायम हो गई है।

### कीचड़ से सड़क पर फिसलन

इस समय निषाद टॉकीज के पास जेसीबी सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई कर रही है। इसके बाद मिट्टी को पाट दिया जाता है। ऐसे में धूल उठने की आशंका रहती है। धूल न उठे और राहगीरों को परेशानी न हो इसके लिए सड़क पर पानी का छिड़काव ठेकेदार की ओर से किया जा रहा है। इसके बाद भी मुसीबत से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है। पानी का छिड़काव होने के चलते सड़क पर कीचड़ हो रही है। जिससे फिसलन बढ़ गई है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि मंगलवार को कई बाइक, स्कूटी और साइकिल सवार यहां गिरकर चोटिल हुए।

> कोई भी विकास कार्य होता है तो छोटी-मोटी परेशानी तो उठानी ही पड़ती है। जल्द से जल्द सीवर लाइन डालने का काम पूरा हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए गए हैं।
> **-कपिल एम सिंह,** अधिशासी अभियंता, जल निगम।

# मोबाइल पर अश्लील फोटो भेजने से छात्रा परेशान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** शहर में एक युवक छात्रा के मोबाइल पर अश्लील फोटो और अश्लील शब्द लिखकर भेजता है। छात्रा युवक से काफी परेशान है। वह शर्म के कारण स्कूल नहीं जा रही है। आरोपी धमकी देता है कि थाने पर शिकायत की तो जान से मार डालेगा या अपहरण करके ले जाएगा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि उसकी 15 साल की बेटी गांव के एक स्कूल कक्षा नौ में पढ़ती है। बेटी के पास स्मार्ट फोन है। उसकी बेटी के फोन पर गांव का एक युवक अश्लील फोटो व अश्लील शब्द लिखकर भेजता है। इसके चलते बेटी काफी परेशान है। आरोपी जिस मोबाइल से अश्लील फोटो भेजता है, उस मोबाइल में दो सिम पड़े हैं। उसने आरोपी के खिलाफ थाने में दस दिन पूर्व तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पुलिस बराबर टरकाती रही। उसने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो आरोपी के परिवार वालों ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि आरोपी धमकी देता है कि थाने पर शिकायत की तो छात्रा को जान से मार डालेंगे या अपहरण करके ले जाएंगे। पीड़िता एसपी से मिली। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी देव कुमार के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### लापता किशोरी की गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर।** अल्हागंज थाना क्षेत्र के गांव मऊ निवासी राधेश्याम ने बताया कि 27 जनवरी की दोपहर एक बजे उसकी 17 साल की बेटी चांदनी बाजार में सामान खरीदने के लिए गई थी। वह शाम तक वापस नहीं आती तो परिवार वालों को चिंता हुई। परिवार वालों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसका पता नहीं चला है। परिवार वालों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार रहती थी और बरेली से उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी है।

# किसानों को छुट्टा पशुओं की समस्या से मिलेगी राहत



बैठक में मौजूद प्रधान व बीडीसी सदस्य। ● अमृत विचार





ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में बोलते नमित दीक्षित। ● अमृत विचार

संवाददाता, खुटार

- ब्लॉक सभागार में हुई बीडीसी सदस्यों-प्रधानों की बैठक

**अमृत विचार :** ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित की अध्यक्षता में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक हुई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि इस समय किसानों के लिए छुट्टा पशुओं की समस्या से छुटकारा दिलाना है। जो आमजनों के लिए भी मुसीबत बने हुए हैं। छुट्टा पशु किसानों की फसल बर्बाद करते हैं। पशुओं से छुटकारा मिल सके इसके लिए प्रस्ताव कराकर ग्राम पंचायत स्तर पर गोशाला का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानों को गंभीरता के साथ जगह को चिन्हित कर प्रस्ताव देना चाहिए।

ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में प्रमुख ने कहा कि युवाओं के खेलने का गांव में खेल मैदान और बरात घर निर्माण को प्रधान जगह को चिह्नित कर इसका प्रस्ताव दें। जिससे यह सुविधा लोगों तक पहुंच सके। इसके साथ ही गांव में जलभराव है तो उन इसे प्राथमिकता के साथ लिया जा रहा है। ऐसे गांव को चिह्नित कर उनमें वरीयता के साथ इंटरलॉक सड़क, खड़ंजा, नाली का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही स्कूलों का सौंदर्यीकरण भी उनकी वरीयता सूची में शामिल है। उन्होंने बैठक में आये ग्राम प्रधानों से अपील की है कि ग्राम पंचायत में कम से कम एक काम क्षेत्र पंचायत सदस्य की इच्छा से कराया जाये। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों से कन्याओं की सामूहिक शादी के लिए एक फरवरी से पात्र लोगों के आवेदन करने की अपील की है। बीडीओ वीरेंद्र मिश्रा ने कहा कि गोशाला और बरात घर बनाने के लिए प्रधान अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र से प्रस्ताव बनाकर लायें, जिससे वहां पर निर्माण कार्य शुरू कराया जा सके। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी ने बताया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि तमाम योजनाओं का लाभ गांव के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। इन योजनाओं को सुचारू रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य, प्रधान और अधिकारियों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सहयोग करना चाहिए। बैठक में एडीओ पंचायत अनुराग शर्मा, अवर अभियंता अनीता वर्मा, पंकज मिश्रा, आशीष मिश्र, विनोद वर्मा, जीत शुक्ला, जगवंत सिंह, बिंतोश कुमार, लिपिक रिजवान, मुनीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# अभियान बेअसर : रेल लाइन पार कर खतरे में डाल रहे जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** रेलवे के जागरूकता अभियानों का लोगों पर असर नहीं पड़ रहा है। वजह है कि लापरवाह लोग अब भी रोजाना की तरह रेलवे फाटक पार कर रहे हैं। इतना ही नहीं बुजुर्गों, बच्चों को भी पार करा रहे हैं। रेलवे फाटक पर साइकिल से लेकर दोपहिया और और ई-रिक्शा व ऑटो तक निकाल रहे हैं। अमृत विचार की टीम ने रेलवे फाटकों से लेकर प्लेटफार्म तक की स्थिति का जायजा लिया तो रोजाना की तरह खराब स्थिति रही।

रेलवे समपार फाटक जागरूकता अभियान के तहत पंफलेट बांटने सहित प्रचार माध्यमों से बंद फाटक से निकलना और रेल लाइन फांदकर दूसरे प्लेटफार्म पर जाने से जान को जोखिम में डालने की बात समझाई जाती है, लेकिन इसके बाद भी लोगों में लापरवाही कम नहीं हुई। रोडवेज बस अड्डे के पास, खन्नौत मोक्षधाम के पास, अटसलिया रेलवे क्रासिंग, रोजा रेलवे क्रासिंग समेत कई बंद फाटकों पर लोग बैरियर के नीचे से वाहन निकालते दिखे। लोगों से इस बाबत बात की गई तो उनका कहना था कि फाटक तो जब देखो तब बंद रहता है। दोनों तरफ देख लिया और अब पार कर रहे हैं। लोगों को कहना है कि सावधानी बरत रहे हैं। जागरूकता अभियान और जान जोखिम में डालने की बाबत लोगों का कहना है कि वे सावधानी बरतकर पार करते हैं। हालांकि रेलवे एक्ट के तहत बंद फाटक पार करने पर मुकदमा दर्ज हो सकता है। इधर, शाहजहांपुर के रेलवे स्टेशन अधीक्षक पीएस तोमर ने सभी से प्लेटफार्म पर रेलवे लाइन पार न करने की अपील की है। साथ ही समपार फाटक बंद होने पर ट्रेन गुजरने तक इंतजार करने की अपील की है। कहा है कि फाटक खुलने पर ही रेलवे लाइन पार करें।



बंद रेलवे फाटक पार करते लोग। ● अमृत विचार

- प्लेटफार्म पर बेखौफ होकर पार कर रहे रेल लाइन
- जान जोखिम में डाल फाटक के नीचे से निकल रहे लोग

# खाना बनाते चूल्हे पर गिरकर महिला झुलसी

**बीसलपुर।** खाना बनाते वक्त अचानक दौरा पड़ने से एक महिला चूल्हे पर गिरकर झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हेतमनगला निवासी दामोदरदास ने बताया कि उनकी पत्नी जसवंती देवी (35) मंगलवार शाम पांच बजे चूल्हे पर खाना बना रही थी। अचानक पत्नी को दौरा पड़ा और वह चूल्हे पर गिर गई। आग की चपेट में आने से झुलस गई।

# 20 दिन पहले मारपीट में घायल ग्रामीण की मौत

**पुवायां, अमृत विचार:** जिगनिया मुनजप्ता गांव में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। 20 दिन पूर्व गांव में किसी से विवाद हो गया था और पीटकर घायल कर दिया था। घर पर उसकी मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव जिगनिया मुनजप्ता निवासी 65 वर्षीय भीखम का 20 दिन पूर्व गांव में किसी व्यक्ति से विवाद हो गया था। इस दौरान हुई मारपीट में वह घायल हो गए थे। पुलिस ने घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया था। मंगलवार की दोपहर 12 बजे भीखम घर पर गिर गया था, इस दौरान उसकी मौत हो गई। वह शराब पीने का आदी था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि बीस दिन पूर्व उसका झगड़ा हो गया था। डाक्टरी रिपोर्ट में चोट आई थी। दोपहर को घर पर शराब के नशे में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा, मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### 17 का चालान, छह वाहन सीज



**शाहजहांपुर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडेय ने मंगलवार की दोपहर पुवायां रोड पर डग्गामार वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बिना कर, बिना फिटनेस, बिना परमिट, ओवरलोड आदि में 17 वाहनों का चालान कर दिया। इस दौरान छह वाहनों को सीज कर दिया। सीज किए वाहनों को सिंधौली थाने में खड़ा करा दिया गया। एआरटीओ प्रवर्तन शांति भूषण पांडे ने वाहन स्वामियों से कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। वाहनों में आगे-पीछे रिफलेक्टर टेप लगाएं। क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं, वाहन को ओवरटेक देखकर कर करें। बिना कर जमा किए वाहन को सड़क पर न चलाएं।

### प्रधान ने वितरित किए कंबल



**शाहजहांपुर।** ग्राम पंचायत शाहबाजनगर में प्रधान महेश चंद्र गौतम ने आर्थिक रूप से कमजोर, वृद्ध, विधवा व अन्य जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। कंबल पाकर लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधान को दुआएं दीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह हर किसी के लिए हर संभव मदद के लिए तैयार हैं।

### अमृतसर-दरभंगा समेत छह ट्रेनें बाराबंकी होकर जाएंगी

**शाहजहांपुर।** सीतापुर स्टेशन व सीतापुर सिटी स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग कार्य 30 जनवरी से आठ फरवरी तक चलेगा। इस दौरान आधा दर्जन ट्रेनों का रूट बदला गया है, ये ट्रेनें लखनऊ व बाराबंकी होकर जाएगी। सीतापुर-बालामऊ पैसेंजर रद्द रहेगी। सीएमआइ एसके ठाकुर ने बताया कि सीतापुर जंक्शन व सीतापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर 30 जनवरी से आठ फरवरी तक नॉनइंटरलाकिंग का कार्य होगा। इसे लेकर शाहजहांपुर-सीतापुर पैसेंजर निरस्त रहेगी। डाउन व अप लाइन की बालामऊ-सीतापुर पैसेंजर 13 फरवरी तक निरस्त रहेगी। उन्होंने बताया कि डाउन लाइन की अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस आठ से 12 फरवरी तक लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल, अप लाइन की दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस आठ से 12 फरवरी तक बुढ़वल, बाराबंकी, रोजा होकर संचालित होगी। डाउन लाइन की अमृतसर-गोरखपुर एक्सप्रेस 11 फरवरी को लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल, अप लाइन की गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस बुढ़वल, बाराबंकी, लखनऊ, डाउन लाइन की अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल तथा अप लाइन की बरौनी-ज्म्मूतवी एक्सप्रेस 11 फरवरी को बुढ़वल, बाराबंकी, लखनऊ होकर संचालित होगी।

क्षत्रिय स्वर्णकार समाज सेवा समिति शाहजहाँपुर
के तत्वावधान में
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर के सौजन्य से
निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर
का आयोजन
क्षत्रिय अतिथि भवन, चौक-शाहजहाँपुर में दिनाँक 31 जनवरी 2024, बुधवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक किया जायेगा, जिसमें रोहिलखण्ड अस्पताल के योग्यतम विशेषज्ञ डॉक्टर विभिन्न रोगों के इलाज हेतु अपनी सेवायें निःशुल्क प्रदान करेंगे।
उपलब्ध विशेषज्ञ
सामान्य रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चर्म रोग, विशेषज्ञ आदि।
शिविर में निःशुल्क सुविधायें
यथोचित परामर्श, हृदय की जाँच ECG, ब्लड शुगर की जाँच, बी.पी. की जाँच, सामान्य दवाईयां।
शिविर के माध्यम से रोहिलखण्ड अस्पताल आने पर मुफ्त सुविधायें।
खून की जाँच, लीवर जाँच (L.F.T.), गुर्दे की जाँच (K.F.T.), हृदय की जाँच (E.C.G.)
डायबिटीज की जाँच, भर्ती पलंग मुफ्त, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, लेन्स, सामान्य दवा खाना मुफ्त, बच्चों एवं माताओं का टीकाकरण मुफ्त।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रु. में एक वर्ष के लिए उपलब्ध।
अस्पताल में अन्य सुविधायें :-
- अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000 रू. की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700 रू. प्रोत्साहन राशि दी जाती है।
- ब्लड बैंक, आई.सी.यू., वेन्टीलेटर की सुविधा सस्ती दर पर उपलब्ध।
- अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रु., एक्सरे 150 रू. एवं ई.सी.जी. 50 रु. में।
- सी.टी. स्कैन, एम.आर. आई., मेमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ती दर पर उपलब्ध।
सम्पर्क सूत्र
वीरेन्द्र कुमार वर्मा (अध्यक्ष) क्ष.स्व.स.से.स. मो. 9335036957
उमेश कुमार वर्मा (कोषाध्यक्ष) क्ष.स्व.स.से.स. मो. 7272052762
अनिल कुमार वर्मा (महामंत्री) क्ष.स्व.स.से.स. मो. 9235777541
विपिन शर्मा (रोहिलखण्ड अस्पताल) शाहजहाँपुर मो. 9140537834

शर्मायें नहीं सम्पर्क करें
हर उम्र में
ताकत
रुकावट
बवासीर
बे-औलाद
शुक्राणुओ
की कमी
हर तरफ से निराश स्त्री पुरुष गुप्त रोगी मिलें
शुगर
जोड़ों का दर्द





GMP & ISO CERTIFIED Co.
डा. शेख
क्या आप बचपन में की गई गलतियों के कारण अपना वैवाहिक जीवन बर्बाद हो गया है और जगह जगह इलाज करा करा परेशान हो चुके हैं या डाक्टर, हकीमों से हट चुका है तो एक बार हिन्दुस्तान के जाने माने यौन रोग चिकित्सक डा. शेख से सम्पर्क करें डा. शेख को अच्छे इलाज के लिये अनेको अवार्डो से सम्मानित किया जा चुका है जैसे
Gold Medalist Best Sexologist in india
Pride of Country Kohinoor A Tibb
Chikitask Ratan Manav Sewa Ratan
Ahinsha Dharam Ratan
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

# संवेदनहीनता : युवक ठेले पर ले गया बुजुर्ग मां का शव

## सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट हटाए गए , वार्ड ब्वॉय निलंबित, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

पीलीभीत कार्यालय



ठेले पर रखकर महिला का शव ले जाते परिजन।

**अमृत विचारः** बिलसंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से संवेदनहीनता की तस्वीर सामने आई है। अधीक्षक समेत अन्य जिम्मेदारों की करतूत से स्वास्थ्य विभाग शर्मसार हो रहा है। झोपड़ी में अलाव से लगी आग में झुलसने से जान गंवाने वाली महिला की मौत सीएचसी में हुई तो परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों ने शव वाहन मुहैया कराने की मांग की तो जिम्मेदारों ने शव वाहन देने से इनकार कर दिया। मजबूरन मृतका के बेटे समेत अन्य परिजनों को शव ठेले पर लादकर सीएचसी से ले जाना पड़ा। उसके बाद अंतिम संस्कार किया। इस किसी ने सीएचसी में शव ठेले पर रखने के दौरान वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद सीएमओ ने तत्काल कार्रवाई कर दी। सीएचसी अधीक्षक और फार्मासिस्ट को मुख्यालय से अटैच करने के साथ वार्ड ब्वॉय को निलंबित कर दिया।लिसंडा क्षेत्र के गांव गौहनिया निवासी 90 वर्षीय देवकी देवी झोपड़ी में अकेले रहती थी। कुछ दूरी पर दूसरी झोपड़ी में बेटा विजयपाल परिवार के साथ रहता है। 26 जनवरी की रात शीतलहर से राहत पाने के लिए वृद्धा ने झोपड़ी में अलाव जलाया था। अलाव से उठी चिंगारी से झोपड़ी में आग लगी और वृद्धा देवकी देवी चपेट में आ गई। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाई थी। परिजन वृद्धा को सीएचसी बिलसंडा ले गए थे। वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बेटे विजयपाल व अन्य परिवार वालों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया था। मगर, गांव तक मां का शव ले जाने के लिए वाहन की मांग की थी। आरोप है कि सीएचसी के जिम्मेदारों ने शव ले जाने के लिए शव वाहन मुहैया कराने से इनकार कर दिया। रात भी सीएचसी में ही शव रहा। दूसरे दिन 27 जनवरी की सुबह परिवार ने ठेले की व्यवस्था की और फिर उसी पर गद्दे-चादर बिछाकर शव को बांधकर रखा और सीएचसी से लेकर गए। सोमवार रात सीएचसी से ठेले पर लादकर शव ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। जिम्मेदारों की लापरवाही फजीहत का सबब बन गई।

इस वायरल वीडियो का संज्ञान में आने पर वरिष्ठ अधिकारी हरकत में आ गए। जांच के आदेश दिए। वहीं, प्रथम दृष्टया लापरवाही मानते हुए सीएचसी अधीक्षक बिलसंडा डॉ. मनीष राज शर्मा, फार्मासिस्ट एएन अंसारी को सीएचसी से हटाकर जिला मुख्यालय से अटैच कर दिया। जबकि वार्ड ब्वॉय एमके पांडेय को निलंबित कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की जांच एसीएमओ स्तर के अधिकारी से कराई जाएगी।

### 48 घंटे तक चली मामले को दबाने की जद्दोजहद

पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थित बेहद कमजोर है। पक्की छत भी परिवार को मुहैया नहीं हो सकी है। मृतका के परिवार ने वाहन की मांग की तो टालमटोल होती रही। मगर शव ले जाने को वाहन मुहैया नहीं कराया गया। इसके बाद मजबूरन शव को ठेले पर लादकर ले जाना पड़ा। इसकी कुछ लोगों ने वीडियो बना ली थी। अब दो दिन बाद वीडियो वायरल हुआ है। यह भी चर्चा है कि वीडियो की भनक लगने के बाद जिम्मेदार 48 घंटे तक मामले को दबाने के लिए जद्दोजहद में लगे हुए थे।

### जनपद में मुहैया हैं दो शव वाहन

शासन स्तर से जनपद में दो शव वाहन स्वास्थ्य विभाग को मुहैया कराए गए हैं। इसमें एक सीएमओ के अधीन जबकि दूसरा मेडिकल कॉलेज के पास है। इनकी फिटनेस पर भी सवाल उठते रहे हैं। ये वाहन ऐसे ही जरूरतमंदों की मदद के लिए स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। अब बिलसंडा से मामला सामने आने पर व्यवस्था पर सवाल उठ गए हैं।

> ठेले पर महिला का शव रखकर ले जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जो कि बिलसंडा सीएचसी से जुड़ा था। संज्ञान लेते हुए वार्ड बॉय का निलंबन कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक-फार्मासिस्ट जिला मुख्यालय से अटैच किए गए हैं। पूरे मामले की जांच एसीएमओ को दी गई है, सख्त एक्शन लिया जाएगा।
> -**डॉ. आलोक कुमार शर्मा**, सीएमओ

### पहले भी सामने आ चुके हैं ऐसे मामले

शव ठेले पर लादकर ले जाने से जुड़ा मामला वर्ष 2016 में भी पीलीभीत में सामने आया था। शहर के मोहल्ला मदीनाशाह का एक व्यक्ति अपने बीमार पिता को जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर पहुंचा था। पहले तो इलाज में देरी की गई। दो घंटे बाद ही पिता की मौत हो गई। मौजूद स्टाफ ने पुत्र को शव ले जाने की बात कह दी थी। जिसके बाद परिवार वाले ठेले की व्यवस्था कर शव लेकर गए थे। इसके बाद 2018 में एक मामला पोस्टमार्टम हाउस से सामने आया था। नौगवां पकड़िया गांव के एक व्यक्ति की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। शव का पोस्टमार्टम कराकर पुलिस ने परिजन के सुपुर्द कर दिया। परिवार ने वाहन के इंतजाम करने के लिए मदद मांगी, लेकिन पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों ने हाथ खड़े कर दिए थे। इस पर परिजन ठेले की व्यवस्था करके शव को घर तक ले गए थे। इसके अलावा जिला अस्पताल व अन्य सीएचसी-पीएचसी में मरीजों को स्ट्रेचर न मिलने पर गोद में उठाकर ले जाने के वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आते रहे हैं।

# दुबई भेजने के नाम पर तीन लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

▸▸ कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** दुबई भेजने के नाम पर दो युवकों से 10 माह पहले शाहजहांपुर के जालसाजों ने तीन लाख रुपये की ठगी की थी। मामले में कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई रिपोर्ट में थाना क्षेत्र के गांव डडिया भगत निवासी रामकुमार ने बताया कि उसकी ससुराल शाहजहांपुर जिले के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव सूरजपुर में है। उसके साले धर्मवीर के दोस्त थाना तिलहर के हरनोखा निवासी शेर सिंह, जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव मोहवर निवासी देवेंद्र सिंह, थाना भौती के गांव नई बस्ती निवासी भगवान सरन और वीरपाल नाम के युवक से उसकी मुलाकात हुई। आरोपी पीड़ित के गांव में भी आने-जाने लगे। इन लोगों ने पीड़ित और उसके दोस्त दियोरिया कला क्षेत्र के गांव सोधा निवासी गुरुदयाल सिंह को 20 दिन में बीजा पासपोर्ट बनवाकर दुबई भेजने का लालच दिया। जिस पर दोनों युवक ठगों की बात में आ गए। 10 अप्रैल 2023 को पीड़ित ने अपने गांव में ठगों को तीन लाख रुपये दे दिए। जब अधिक समय बीत गया तो पीड़ित ने आरोपियों को टोकना शुरू किया। इस पर टालमटोल की जाने लगी। 15 जून 2023 को आरोपियों के घर गए तो दिल्ली गए होने की जानकारी देकर लौटा दिया, जबकि बाद में आरोपी शेर सिंह के घर पर मिले। रुपये वापस करने के लिए कहा तो मारपीट की। उस वक्त शिकायत की गई लेकिन जांच के नाम पर टाल दिया। फिर न्यायालय की शरण ली गई। इंस्पेक्टर मृदुलकांत शुक्ला ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# खीरी से उत्कर्ष तो धौरहरा से आनंद लड़ेंगे लोस चुनाव

लखीमपुर खीरी कार्यालय





उत्कर्ष वर्मा।



आनंद भदौरिया।

▸▸ जिले की दो लोकसभा सीटों पर सपा ने उतारे अपने प्रत्याशी

▸▸ कांग्रेस के लिए जिले में नहीं छोड़ी लोकसभा सीट

**अमृत विचारः** जिले की खीरी और धौरहरा लोकसभा सीट पर सपा ने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। एनडी गठबंधन होने के बाद भी कांग्रेस के लिए एक भी सीट नहीं छोड़ी है। इससे कांग्रेस को करारा झटका लगा है। वहीं सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा का चुनाव लड़ने का सपना पूरा होने पर ग्रहण लग गया है।

लखीमपुर खीरी में लोकसभा की दो सीटें हैं। वर्तमान में दोनों सीटों पर भाजपा का कब्जा है। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी खीरी तो भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा धौरहरा लोकसभा सीट से सांसद हैं। दो दिन पहले लखनऊ में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा सीटों को लेकर बयान दिया था। उन्होंने लोकसभा की 11 सीटें कांग्रेस को देने की बात कही थी।

मंगलवार को सपा ने लोकसभा की खीरी सीट पर पूर्व शहर विधायक उत्कर्ष वर्मा और धौरहरा सीट पर अनुराग भदौरिया को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। कांग्रेस के लिए जिले की कोई सीट न छोड़े जाने से राजनीति गरमा गई है और सियासी घमासान शुरू हो गया है। अपना टिकट पक्का मानकर खीरी लोकसभा सीट के प्रत्याशी पूर्व शहर विधायक उत्कर्ष वर्मा ने तीन दिन पहले जिला कार्यकर्ता सम्मेलन भी एक गेस्ट हाउस में किया था और कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों में जुट जाने की बात कही थी। सपा के प्रत्याशी की घोषणा होने के बाद भाजपा ने भी अपनी गोटियां बिछानी शुरू कर दी है।

> सपा ने दोनों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर अपनी मंशा जाहिर की है। कांग्रेस हाईकमान की तरफ से ऐसा कोई दिशा निर्देश नहीं मिला है। जिले की दोनों सीटों पर इंटरनल करंट कांग्रेस के पक्ष में है। हाईकमान जो तय करेगा। उसका स्वागत होगा, लेकिन हम दोनों प्रत्याशियों को उतारे जाने की बात को अभी आधिकारिक नहीं मानते हैं।
> -**प्रहलाद पटेल**, जिलाध्यक्ष कांग्रेस

> राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लोकसभा की खीरी सीट से पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा और धौरहरा लोकसभा सीट पर आनंद भदौरिया को प्रत्याशी घोषित किया है। दोनों सीटों पर सपा के प्रत्याशी चुनाव जीतेंगे।
> -**रामपाल सिंह** यादव जिलाध्यक्ष सपा

### पूर्व सांसद को लगा करारा झटका

**लखीमपुर खीरी।** सपा से खीरी लोकसभा से सांसद रहे रवि प्रकाश वर्मा करीब चार माह पहले ही कांग्रेस में अपनी बेटी डॉ. पूर्वी वर्मा के साथ शामिल हुए थे। वह लोकसभा सीट खीरी सीट पर कांग्रेस से प्रबल दावेदार थे, लेकिन दोनों सीटों पर सपा के प्रत्याशियों के उतारे जाने से उनका राजनीतिक भविष्य दांव पर लग गया है। अब सवाल यह उठने लगा है कि सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए रवि वर्मा और डाक्टर पूर्वी वर्मा की अब क्या रणनीति होगी। इसको लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

# बोर्डिंग छात्र की मौत प्रकरण: प्रबंधक और प्रधानाचार्य को हिरासत में लिया

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

▸▸ पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से छात्र की मौत होने की पुष्टि

**अमृत विचारः** कोटवारा रोड के सिल्वर सिटी एकेडमी में छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने और शव फंदे पर लटका मिलने के मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी आ गई। रिपोर्ट में हैंगिंग से छात्र की मौत होने की बात सामने आई है लेकिन कई सवाल हैं जो अनसुलझे हैं। हैदराबाद पुलिस ने पूछताछ के लिए विद्यालय प्रबंधक और प्रधानाचार्य को हिरासत में लिया है।

थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम भवानीपुर निवासी मनोज कुमार के दो पुत्र गौरव और सुमित कोटवारा रोड स्थित सिल्वर सिटी एकेडमी के हास्टल में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। रविवार की रात कक्षा पांच के छात्र गौरव (13) का शव मफलर से हास्टल में ही पंखे से लटकता मिला था। परिवार वालों ने उस समय हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने रात में ही शव सीलकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। इसके बाद शव गांव पहुंचने पर परिवार वालों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की। हैदराबाद पुलिस ने पिता मनोज कुमार की तहरीर पर विद्यालय प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह, रात्रि ड्यूटी कर्मचारी सुरवीर और एक अज्ञात के खिलाफ हत्या एवं दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की थी। तब परिवार वालों ने गौरव राज का शव मिट्टी में दफनाया था। हैदराबाद एसओ दीपक तिवारी ने बताया कि गौरव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। विवेचना सीओ मोहम्मदी कर रहे हैं, जिनके निर्देश पर पूछताछ के लिए प्रबंधक हरमोहन सिंह, प्रधानाचार्य सर्वजीत सिंह को हिरासत में लिया गया है, लेकिन वह भी मौत के कारणों का खुलासा नहीं कर पा रहे हैं, बल्कि दोनों का कहना है कि छात्र ने खुद ही फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

### नगर में चल रहे तमाम मानक विहीन विद्यालय

**गोला गोकर्णनाथ।** केवल सिल्वर सिटी एकेडमी ही नहीं नगर में दर्जनों विद्यालय शिक्षा विभाग के अधिकारियों से साठगांठ कर मानक विहीन संचालित हो रहे हैं, जिससे अभिभावकों को डर लगने लगा है। लोग बताते हैं कि तमाम स्थानों पर आधे अधूरे भवन, अप्रशिक्षित शिक्षक, खेल मैदान के अभाव, सीसी टीवी कैमरे बिना, कम वेतन के शिक्षक रखकर विद्यालय संचालित हो रहे हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शिकायत करने के बाद भी ऐसे विद्यालयों के प्रति कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। दर्जन भर से अधिक ऐसे विद्यालय हैं जो मान्यता से अधिक की कक्षाएं तक संचालित कर रहे हैं। इन विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों का भी अभाव है।

# चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूट ले गए बदमाश

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** नगर में बेखौफ बदमाश ई-रिक्शा चालक को चाय में नशीला पदार्थ पिलाकर उसका ई-रिक्शा और मोबाइल लेकर फरार हो गए। रातभर रिक्शा चालक बेसुध पड़ा रहा। अगले दिन होश आने पर परिजनों को सूचना दी। चालक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के मोहल्ला मथुरानगर निवासी रामनिवास का बेटा अमन परिवार का भरण पोषण के लिए नगर में ई-रिक्शा चलाता है। वह शनिवार की सुबह निकला और शाम तक वापस घर नहीं पहुंचा तो परिवार वालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। अमन की मां हटिला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बेटे की तलाश किये जाने की गुहार लगाई थी। रविवार की सुबह अमन रमुआपुर के निकट नहर के पास वह अचेत पड़ा था। जब उसे होश आया तो उसने ग्रामीणों की मदद से अपने परिजनों को फोन से सूचना दी।

# बाघ हमला: बीते साल सात, नए साल के 29 दिन में दो ने गंवाई जान

पीलीभीत कार्यालय

▸▸ पीटीआर बनने के बाद अब तक 46 लोगों को निवाला बना चुके बाघ

**अमृत विचारः** पीटीआर के बाघ आक्रामक होते जा रहे हैं। बाघ हमलों में बीते साल सात एवं नए साल के 29 दिनों में दो लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। वहीं पीलीभीत टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद आठ सालों के भीतर 45 व्यक्ति बाघ हमलों में जान गंवा चुके हैं। यह दीगर बात है कि इनमें 16 इंसानों की मौत जंगल क्षेत्र के अंदर बाघ हमले में हुई। फिलहाल बाघ हमलों में इंसानों की मौतों का सिलसिला जारी है, वहीं जिम्मेदार महकमा सुरक्षा को लेकर इंतजामों के पुख्ता होने का दावा कर रहा है।

पीलीभीत के जंगल को जून 2014 में संरक्षित करते हुए टाइगर रिजर्व का दर्जा दिया गया था। आनन-फानन में जंगल को पीटीआर तो घोषित कर दिया। जिसका खामियाजा लोगों को अपनी जान गंवाकर भुगतना पड़ रहा है। गुजरे साल नौ जनवरी से 26 सितंबर के बीच बाघ हमलों में सात इंसानों को जान गंवानी पड़ी। वहीं नए साल में 29 दिन के भीतर दो लोगों की बाघ हमले में मौत हो चुकी है। बाघ जंगल के बाहर न निकलें इसे लेकर पीटीआर प्रशासन जंगल सीमा पर लगातार गश्त करने के साथ निगरानी होने का तो दावा कर रहा है। मगर, जंगल सीमा के आसपास बाघ हमलों में हो रही लोगों की मौत इन दावों की पोल खोल रही है। डिप्टी डायरेक्टर नवीन खंडेलवाल का कहना है कि मानव-वन्यजीव संघर्ष पर अंकुश लगाने को हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

सभी रेंज अधिकारियों को संवेदनशील गांवों के ग्रामीणों के बैठक करने एवं जंगल सीमा पर लगातार गश्त करने को निर्देश दिए हैं। जंगल से बाहर निकलने वाले बाघों के लिए रेस्क्यू सेंटर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही माला व महोफ रेंज में तार फैसिंग कार्य भी जल्द शुरू होने जा रहा है।

# महाराष्ट्र, राजस्थान में बैठे डॉक्टर, 15 डायग्नोस्टिक सेंटर के पंजीयन निरस्त

लखीमपुर खीरी कार्यालय

▸▸ निरस्त किए गए डायग्नोस्टिक अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच में खुलासा हुआ

**अमृत विचारः** डायग्नोस्टिक-अल्ट्रासाउंड सेंटरों के संचालन में बड़ा खुलासा हुआ है। जिले में 15 ऐसे डायग्नोस्टिक-अल्ट्रासाउंड सेंटर पकड़े गए हैं जो सैकड़ों किलोमीटर दूर महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत अन्य स्थानों पर बैठे डाक्टरों के कागजातों के नाम पर संचालित थे।

जिलाधिकारी के आदेश पर 15 सेंटरों के पंजीयन निरस्त कर दिए गए हैं। जिले में नियम-कायदे दरकिनार कर अनियमित तरीके से संचालित किए जा रहे 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर बड़ी कार्रवाई से स्वास्थ्य विभाग में भी खलबली मची है। जिले में फर्जी व अवैध तरीके से अस्पतालों के साथ ही डायग्नोस्टिक और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के बड़े पैमाने पर संचालित करने जाने की कई शिकायतों के बाद जांच कराई गई। पिछले माह स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने अभियान चलाकर कार्रवाई की। जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जांच करने के बाद जिले के 15 डायग्नोस्टिक सेंटर और अल्ट्रासाउंड सेंटरों के पंजीयन को निरस्त कर दिया। इनमें जिन डॉक्टरों व तकनीशियन के कागज लगाकर पंजीयन कराया गया था, उनके स्थान पर अप्रशिक्षित लोगों द्वारा जांच की जा रही थी। मितौली में पीहू मितौली अल्ट्रासाउंड सेंटर को महाराष्ट्र के थाणे भयंदर की डॉ खान शाहीन बानो के नाम पर चलाया जा रहा था। मितौली में ही वंश डायग्नोस्टिक सेंटर को राजस्थान के जयपुर निवासी डॉ मीना संजू के नाम पर चलाया जा रहा था। इसी तरह धौरहरा में सेवा डायग्नोस्टिक सेंटर को मध्य प्रदेश के कोटमा अन्नूपुर निवासी डॉ सोम शंकर पांडेय के नाम पर संचालित किया जा रहा था। अन्य सेंटरों में लखनऊ, संभल, मुरादाबाद, बनारस के डॉक्टर और तकनीशियन के नाम पर पंजीकरण कराये गए थे।

### इनके हुए नवीनीकरण

निरीक्षण टीम द्वारा जांच के बाद राय डायग्नोस्टिक सेंटर लखीमपुर, कल्याणी क्लीनिक गढ़ी रोड मेला मैदान, सिटी अल्ट्रासाउंड सेंटर अस्पताल रोड, केपी मेमोरियल हास्पिटल मिश्राना, मेहता मिलेनियम हास्पिटल लखीमपुर, अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर पलिया, धौरहरा डायग्नोस्टिक सेंटर धौरहरा का नवीनीकरण किया है।

### इन डायग्नोस्टिक व अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर हुई कार्रवाई

निवारण डायग्नोस्टिक सेंटर नौरंगाबाद लखीमपुर, न्यू बेस्ट डायग्नोस्टिक महेवागंज, हिंद डायग्नोस्टिक सेंटर महेवागंज, हेल्थ स्कोर डायग्नोस्टिक मोहम्मदी, सल्लिया डायग्नोस्टिक सेंटर पसगवां, मां लक्ष्मी डायग्नोस्टिक सेंटर जेबीगंज पसगवां, आयुष्मान अल्ट्रासाउंड सेंटर पलिया, पीहू मितौली अल्ट्रासाउंड सेंटर मितौली, वंश डायग्नोस्टिक सेंटर मितौली, सुपर डायग्नोस्टिक सेंटर धौरहरा, सेवा डायग्नोस्टिक सेंटर धौरहरा, मितौली अल्ट्रासाउंड सेंटर मितौली आदि के पंजीयन निरस्त किए गए हैं। इन सेंटरों का संचालन नहीं किया जा सकेगा।

### तीन डायग्नोस्टिक सेंटर खोलने की अनुमति जारी

कमेटी ने तीन नए डायग्नोस्टिक सेंटर और एक अल्ट्रासाउंड सेंटर खोलने की मंजूरी भी दी है। जबकि सात हास्पिटल, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर, अल्ट्रासाउंड सेंटर के पंजीकरण का नवीनीकरण किया है। शहर के सन डायग्नोस्टिक सेंटर अस्पताल रोड के केंद्र संचालक की मृत्यु होने के चलते पंजीयन सरेंडर किया है।

